# लीला तेरी निराली | by Narottam Ranga

नंदलाला काला है तू और कामरिया तेरी काली
लीला तेरी निराली कृष्ण मोरे लीला तेरी निराली
कन्हैया मोरे लीला तेरी निराली ...........

कंस मन में जब पला चक्र तेरा ही चला
तामसी माया भगी जब तू करे रखवाली
लीला तेरी निराली कृष्ण मोरे लीला तेरी निराली
कन्हैया मोरे लीला तेरी निराली ...........

सारथी बन गीता गाई जग को दिशा दी करी भलाई
फिर भी मन माया में भटके और तू बजाये ताली
लीला तेरी निराली कृष्ण मोरे लीला तेरी निराली
कन्हैया मोरे लीला तेरी निराली ...........

ज्ञान भक्ति और कर्म योगा बिन कृपा कुछ भी ना होगा
मेरे मन की बगिया तब खिले जब तू बनेगा माली
लीला तेरी निराली कृष्ण मोरे लीला तेरी निराली
कन्हैया मोरे लीला तेरी निराली ...........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b2%e0%a5%80%e0%a4%b2%e0%a4%be-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%a8%e0%a4%bf%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%80-by-narottam-ranga/